समाचार

# कोरोना का खतरा अभी टला नहीं, कोविड प्रोटोकाल का पालन करने लोगों को प्रेरित करते रहे–आयुक्त

## (आयुक्त ने जोन कमिश्नरों की बैठक लेकर कोविड कार्यो की समीक्षा की)



कोरबा 09 जून 2021 –आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने निगम के जोन कमिश्नरों व कोविड प्रबंधन से जुड़े निगम के अधिकारियों से कहा है कि चूंकि कोरोना का खतरा अभी टला नहीं है, अतः कोविड प्रोटोकाल का पालन करने हेतु आम लोगों को लगातार प्रोत्साहित एवं प्रेरित करते रहे, मास्क व सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करवाएं तथा प्राथमिकता क्रम में किए जा रहे वैक्सीनेशन के तहत लोगों को अनिवार्य रूप से वैक्सीन लगवाने हेतु प्रेरित करें।

उक्त बातें आयुक्त श्री शर्मा ने आज जोन कमिश्नरों की बैठक के दौरान कहीं। नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में आयुक्त श्री शर्मा ने जोन कमिश्नरों की बैठक लेकर निगम द्वारा किए जा रहे कोरोना नियंत्रण व वैक्सीनेशन संबंधी कार्यो की जोनवार समीक्षा की। बैठक में अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा के साथ ही कोविड कार्यो से जुड़े निगम के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। जोनवार समीक्षा करते हुए आयुक्त श्री शर्मा ने जोनवार कोरोना पाजिटिव व्यक्तियों की संख्या, होम आईसोलेट किए गए व्यक्तियों की संख्या, हास्पिटल में भर्ती किए गए मरीजों की संख्या, होम आईसोलेशन एवं हास्पिटल में ठीक हुए मरीजों की संख्या आदि की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस संबंध में निर्धारित प्रारूप में जोनवार जानकारी तैयार कर प्रतिदिन समक्ष में प्रस्तुत करें। प्राथमिकता क्रम में किए जा रहे वैक्सीनेशन की कार्यप्रगति की जोनवार समीक्षा करते हुए कोरोना वैक्सीन की पहली खुराक लगवाने वाले व्यक्तियों की संख्या तथा दोनों खुराक प्राप्त कर चुके व्यक्तियों की संख्या आदि की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आयुक्त श्री शर्मा ने निगम क्षेत्र में स्थित

वैक्सीनेशन सेंटरों की जोनवार जानकारी ली, वहां की व्यवस्थाओं के संबंध में जोन कमिश्नरों से चर्चा करते हुए व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए जाने के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन दिया।

**वैक्सीनेशन हेतु लोगों को लगातार प्रेरित करें**— आयुक्त श्री शर्मा ने जोन कमिश्नरों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राथमिकता क्रम के शत प्रतिशत लोग वैक्सीन लगवाएं, यह अत्यंत आवश्यक है, अतः वैक्सीन लगवाने हेतु लोगों को लगातार प्रोत्साहित व प्रेरित करें, इस कार्य में माननीय पार्षदगणों, जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं का आवश्यक सहयोग लें। वैक्सीनेशन कार्य में उत्कृष्ट सहभागिता व सहयोग देने वाले व्यक्तियों व संस्थाओं को सम्मानित करें।

**सक्रमण से बचने, मास्क हमारा सुरक्षा कवच**— आयुक्त श्री शर्मा ने बैठक में कहा कि कोविड संक्रमण से बचने के लिए मास्क हमारे सुरक्षा कवच का काम करता है, अतः घर से बाहर निकलने पर मास्क अनिवार्य रूप से लगाने हेतु लोगों को प्रेरित व प्रोत्साहित करें, सार्वजनिक स्थानों, दुकानों आदि में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन अनिवार्य रूप से हों, यह सुनिश्चित करें, कहीं पर भी भीड़ इकट्ठी न हों, इस हेतु लोगों को लगातार समझाईश दें।

बैठक के दौरान अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा के साथ ही जोन कमिश्नर ए.के.शर्मा, आर.के.माहेश्वरी, आर.के.चौबे, एम.एन.सरकार, विनोद शाडिल्य, तपन तिवारी, राजेश पाण्डेय, भूषण उरांव, उपायुक्त पवन वर्मा, संपदा अधिकारी श्रीधर बनाफर, सहायक अभियंता डी.सी.सोनकर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

संपादकव्यूरोचीफ.......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

**(रावेन्द्र सिंह)**
सहायक जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)